खण्ड—स 2×16=32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. 'गोदान' उपन्यास की तात्विक समीक्षा प्रस्तुत कीजिए।

11. 'महाराज का इलाज' कहानी की मूल सम्वेदना विस्तार से समझाइए।

12. कहानी की परिभाषा देते हुए हिन्दी कहानी आन्दोलन पर प्रकाश डालिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ कीजिए :

(i) कथा तत्व में सम्वाद का महत्व

(ii) सक्रिय कहानी

(iii) वृन्दावन लाल वर्मा

(iv) कथाकार जयशंकर प्रसाद

MAHD–06

December – Examination 2023

M.A. (Final) Examination

हिन्दी साहित्य

(कथा-साहित्य)

Paper : MAHD-06

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : 80*

निर्देश : यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ 8×2=16

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) कर्मभूमि उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(ii) समानान्तर कहानी आन्दोलन के प्रणेता का नाम बताइए।

(iii) 'टूटना' कहानी के रचनाकार का नामोल्लेख कीजिए।

(iv) किन्हीं **दो** मनोवैज्ञानिक उपन्यासकारों के नाम लिखिए।

(v) 'समय-सरगम' उपन्यास का रचनाकाल बताइए।

(vi) 'शेखर : एक जीवनी' के प्रमुख पात्रों का नामोल्लेख कीजिए।

(vii) 'मधुआ' कहानी प्रसाद के किस संग्रह में संकलित है ?

(viii) 'गोदान' के मुख्य नायक-नायिका का नाम लिखिए।

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"शेरा कब का लौट गया उसे कुछ पता नहीं, दुर्बल-सी देह और अकेली, बिना किसी सहारे के न जाने कब तक वहीं पड़ी रही शाहनी। दुपहर आयी और चली गयी। हवेली खुली पड़ी है। आज शाहनी नहीं उठ पा रही है। जैसे उसका अधिकार आज स्वयं ही छूट रहा है। शाहजी के घर की मालकिन लेकिन आज मोह नहीं हट रहा है मानों पत्थर हो गयी हो।"

3. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"एक चिन्तापूर्ण आलोक में आज पहले-पहल शराबी ने आँख खोलकर कोठरी में बिखरे हुए दारिद्र्य की विभूति को देखा और देखा उस घुटनों में ठुड्डी लगाए हुए निरीह बालक को। उसने तिलमिलाकर मन-ही-मन प्रश्न किया, किसने ऐसे सुकुमार फूलों को कष्ट देने के लिए निर्दयता की सृष्टि की ? आह री नियति ! तब इसको लेकर मुझे घर-बारी बनना पड़ेगा, क्या ? दुर्भाग्य जिसे मैंने कभी सोचा न था।"

4. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"किस अतीत को भूलने की बात लीना करती है ? इन पिछले आठ वर्षों वाला अतीत या वह जो इनके पहले बीता था ? और इसी तरह की कोई चीज लगातार कहीं घुमड़ रही है ? इसे वह जरूर महसूस करता रहा। इस समय लगता घुमड़ते हुए उस निराकार ने प्राय: स्पष्ट प्रश्न एक रूप लिया है। आखिर उसने क्यों लिखा" ?

5. नयी कहानी की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

6. पिता कहानी की मूल सम्वेदना व्यक्त कीजिए।

7. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

8. 'मेरा दुश्मन' कहानी का मूल उद्देश्य प्रकट कीजिए।

9. 'पत्नी' कहानी की कथावस्तु लिखिए।